# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 20.07.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**<u>मुख्य समाचार :—</u>**

1. 36 करोड़ 50 लाख पौधे लगाने के लक्ष्य के साथ आज पूरे प्रदेश में चला पौधरोपण अभियान : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से अभियान का शुभारंभ कर पेड़ लगाने के साथ ही उसको बचाने की अपील की।
2. एनसीआर की तर्ज पर उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र—एससीआर के गठन की अधिसूचना जारी : छह जिले लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली और बाराबंकी होंगे शामिल।
3. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसो ने सर्वोच्च न्यायलय के निर्देश पर शहर और केन्द्रवार नीट—यूजी परीक्षा का परिणाम वेबसाइट पर किया अपलोड।

और

4. वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम में सुरक्षा व्यवस्था के किये गये कड़े प्रबंध : सावन के सोमवार को स्कूल बंद कर रविवार को कक्षाएं चलाने का लिया गया फैसला।

——————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरणा लेते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक दिन में 36 करोड़ 50 लाख पौधे लगाने के लक्ष्य के साथ लखनऊ में वृहद पौधरोपण अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पौधरोपण कर पेड़ लगाओ–पेड़ बचाओ, जन अभियान 2024 की शुरुआत की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान द रहे 10 पर्यावरण प्रेमी किसानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी को अपने आस–पास और खासकर किसानों को अपनी मेड़ों पर पेड़ लगाने चाहिए ताकि वे पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे सकें। इससे उन्हें कार्बन क्रेडिट योजना का भी लाभ मिलेगा। बाइट..

*हम सब जानते है आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पूरे देशवासियों से श्एक पेड़, मां के नामश लगाने का आह्वान किया था। इसके पीछे की भावना भी यही थी कि दुनिया के अंदर पर्यावरणविद् एक बात को लेकर चिंतित है और वो चिंता है एक ग्लोबल वार्मिंग दुनिया के अंदर जीवसृष्टि के लिए एक नया संकट खड़ा करने जा रहा है। इस अभिलाषा से हम लोगों ने प्रदेश में इस पवित्र अभियान को अपने हाथों में लिया।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के प्रयासों से वैश्विक संस्थाएं कार्बन क्रेडिट के लिए उत्तर प्रदेश को 200 करोड़ रुपये का अनुदान दे रही हैं। यह राशि किसान कल्याण पर खर्च की जाएगी।

इसी क्रम में प्रदेश के सभी जनपदों में विभिन्न विभागों द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए गये। उन्नाव में उपमुख्यमंत्रो बृजेश पाठक, शाहजहांपुर में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, अयाध्या में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और हमीरपुर में कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने अभियान के तहत पौधरोपण किया।

——————————

प्रदेश के छह जिलों–लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली और बाराबंकी को मिलाकर उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षत्र–एससीआर का गठन किया गया है। एससीआर का क्षेत्रफल सत्ताइस हजार आठ सौ छब्बीस वर्ग किलोमीटर का होगा। इसके गठन के साथ ही सरकार ने उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण भी बना दिया है, जिसका मुख्यालय लखनऊ में होगा। इस सम्बन्ध में आवासीय एवं शहरी नियोजन विभाग द्वारा कल अधिसूचना जारी कर दी गयी। एससीआरडीए के गठन को लेकर सरकार ने करीब साढ़े चार माह पहले उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र और अन्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण अध्यादेश दो हजार चौबीस को मंजूरी दी थी। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की स्वीकृति के बाद लागू अध्यादेश के तहत आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर नितिन रमेश गोकर्ण ने उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र और उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र विकास

प्राधिकरण के गठन सम्बन्धी अधिसूचना भी जारी कर दी है। उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मुख्यमंत्री और उपाध्यक्ष मुख्य सचिव होंगे।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रयागराज में महाकुंभ की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने महाकुंभ की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को महाकुंभ की तैयारी समय से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि साल 2025 का महाकुंभ हरित कुंभ और स्वच्छ कुंभ का संदेश देगा।

—————————

प्रदेश सरकार ने बाढ़ प्रभावित परिवारों को सहायता देने, कृषि निवेश अनुदान समेत अन्य राहत कार्यों के लिए अतिसंवेदनशील और संवेदनशील 40 जिलों को 120 करोड़ की धनराशि जारी की है। यह धनराशि सरकार ने राज्य आपदा मोचक निधि से बाढ़ प्रभावित जिलों को आवंटित की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ से ज्यादा प्रभावित जिलों को 5 करोड़ जबकि सामान्य प्रभावित जिलों को एक–एक करोड़ की धनराशि आवंटित की है। इनमें लखीमपुर खीरी, बलरामपुर, कुशीनगर, शाहजहांपुर, बाराबंकी, सीतापुर, गोण्डा, बहराइच, सिद्धार्थनगर, बलिया, गोरखपुर, बरेली, आजमगढ़, हरदोई, अयोध्या, बदायूं,

फर्रुखाबाद, बस्ती, देवरिया और उन्नाव को पांच पांच करोड़ की धनराशि जारी की गई है।

——————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी—एनटीए ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट—यूजी का शहर—वार और केन्द्र—वार परिणाम अपनी वबसाइट पर अपलोड कर दिया है। एनटीए ने सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद परिणाम वेबसाइट पर डाले हैं। इससे पहले न्यायालय ने एनटीए को उम्मीदवारों की पहचान की मास्किंग कर आज दोपहर 12 बजे तक वेबसाइट पर परिणाम घोषित करने का निर्देश दिया था। परिणाम वेबसाइट neet.ntaonline.in पर उपलब्ध हैं।

इस बीच, रांची के राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान प्रबंधन ने नीट—यूजी प्रवेश परीक्षा पेपर लीक मामले में संलिप्त होने के कारण एमबीबीएस द्वितीय वर्ष की छात्रा सुरभि कुमारी को निलम्बित कर दिया है। प्रबंधन ने नीट परीक्षा के दौरान सुरभि कुमारी की सभी गतिविधियों की जांच के लिए पांच सदस्यों की एक समिति गठित की है।

——————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

जिंगल

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0

पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकत हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

———————

केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान–नाइलिट की ओर से पीलीभीत में 14 दशमलव आठ शून्य करोड़ की लागत से देश का 53वां प्रशिक्षण केंद्र खोला जाएगा। केंद्रीय राज्यमंत्री ने आज पीलीभीत में कहा कि इस केंद्र मं 300 छात्र छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह केंद्र उत्तर प्रदेश का तीसरा केंद्र होगा।

———————

सावन का महीना 22 जुलाई से शुरू हो रहा है। प्रदेश भर के शिव मंदिरों में तैयारियां पूरी की जा रही हैं। भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंग में से एक वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम में सावन में दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंचते हैं। भक्तों को कोई परेशानी न हो इसके लिए वाराणसी में मैदागिन से लेकर गोदौलिया तक नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है। वहीं कई रूटों पर वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित होने के कारण वाराणसी स्कूल एसोसिएशन ने वाराणसी में सावन के महीने में सोमवार को

स्कूल बंद करने का फैसला किया है। इसकी जगह रविवार को स्कूल खोले जाएंगे। स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया कि बच्चे सहूलियत से स्कूल आ जा सकें इसलिए यह फैसला किया गया है। प्रशासन के साथ पूर्वांचल स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन भी इस फैसले पर सहमत है। इस बार सावन में पांच सोमवार पड़ेंगे। बड़ी संख्या में काशी आने वाले भक्तों की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है।

वाराणसी के पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने बताया कि सावन माह के दौरान सुरक्षा के लिए अतिरिक्त पुलिस बल भी प्राप्त हुआ है। बाइट....

*पूरे मंदिर परिसर में बैरीकेडिंग की जा रही है ताकि लाइन से श्रद्धालु जो है सुगम दर्शन कर सकें। दो एडिशनल एसपी, चार डिप्टी एसपी टैंक के अधिकारी इसके अलावा पीएससी, पैरा मिलिट्री फोर्स यहां पर तैनात रहेगी पूरे क्षेत्र को कई जोन और सेक्टर में डिवाइड किया गया है। जो में एडिशनल एसपी टैंक का अधिकारी नियुक्त होगा और जो हमारे सेक्टर्स हैं उसमें एसीपी यानी कि डिप्टी एसपी टैंक के अधिकारी नियुक्त किये जायेंगे। इसके अलावा ड्रोन से भी निगरानी होगी, जो संस्टिव प्वाइंट हैं वहां पर हमारे स्पेशल टीम्स हैं पुलिस भी वहां पर क्यूआरटी टीम्स तैनात रहेगी जिनके पास अत्याधुनिक हथयार रहेंगे। इसके अलावा भीड़ नियंत्रण के लिए महिला पुलिस को भी पर्याप्त संख्या में लगाया जा रहा है।*

————————